# झारखण्ड सरकार
# झारखण्ड खेल प्राधिकरण
## (पर्यटन, कला–संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग)

## दर निर्धारण (Rate Contract) हेतु अति अल्पकालीन निविदा

**NIT No.– 59** **राँची, दिनांक–02.03.2024**

पर्यटन, कला–संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग, झारखण्ड, राँची अन्तर्गत झारखण्ड खेल प्राधिकरण के अधीन सेन्टर ऑफ एक्सेलेंस (एकलव्य केन्द्र), कुश्ती प्रशिक्षण केन्द्र, शहीद गणपत राय इण्डोर स्टेडियम, खेलगाँव, होटवार, राँची के प्रशिक्षु खिलाड़ियों को Fresh & Hygienic भोजनादि की व्यवस्था हेतु निम्नवत् मेन्यू के अनुसार प्रति कैडेट (खिलाड़ी) को प्रतिदिन की दर (Per day per plate Rate) प्राप्ति (Rate Contract) हेतु इच्छुक कैटरर/ फर्म/प्रतिष्ठान से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती हैः–

**Menu for Centre of Excellence (Eklava Kendra) under Sports Authority of Jharkhand, Ranchi**

| Meal | MONDAY | TUESDAY | WEDNESDAY | THURSDAY | FRIDAY | SATURDAY | SUNDAY |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **MORNING** | | | | | | | |
| Dry fruit/packet food-pre training | Dates | Dates | Dates | Dates | Dates | Dates | |
| During training | Lemon water | Lemon water | Lemon water | Lemon water | Lemon water | Lemon water | |
| Fruit-post training | Banana (4Pc) | Banana (4Pc) | Banana (4Pc) | Banana (4Pc) | Banana (4Pc) | Banana (4Pc) | |
| **BREAKFAST** | | | | | | | |
| English | Wheat Bread | Wheat Bread | Wheat Bread | Wheat Bread | Wheat Bread | Wheat Bread | |
| Indian breakfast item | Dalia Upma | Cornflakes | Milk Dalia | Salty Vermicelli (Sewai) | Milk Dalia | Cornflakes | Puri with Bhaji/Idli |
| for veg | Paneer bhuji | paneer cubes Tawa fry | Paneer burji | Paneer burji | paneer cubes Tawa fry | Paneer burji | Paneer burji |
| Egg(for non veg) | Boiled Egg (2 Pc) | Boiled Egg (2 Pc) | Boiled Egg (2 Pc) | Boiled Egg (2 Pc) | Boiled Egg (2 Pc) | Boiled Egg (2 Pc) | Boiled Egg (2 Pc) |
| Dairy | Milk (200 ml) | Milk (200 ml) | Milk (200 ml) | Milk (200 ml) | Milk (200 ml) | Milk (200 ml) | Double Toned Milk (250ml) |
| Accompaniments | Butter/Jam | Butter/Jam | Butter/Jam | Butter/Jam | Butter/Jam | Butter/Jam | |
| **LUNCH** | | | | | | | |
| Salad | Green Salad | Green Salad | Green Salad | Green Salad | Green Salad | Green Salad | Green Salad |
| Vegetable | Seasonal Veg | Seasonal Veg | Seasonal Veg | Seasonal Veg | Seasonal Veg | Seasonal Veg | Seasonal Veg |
| Non-Veg | Fish | Fish/Chicken stew | Fish | Fish | Fish/Chicken stew | Fish | Mutton curry |
| Special Veg-item | Mushroom+Paneer | Soyabean+paneer Curry | Mashroom+paneer | Mushroom+paneer | Soyabean+paneer curry | Mushroom+paneer | Mushroom+Paneer |
| Dal | Dal | Dal | Dal | Dal | Dal | Dal | Dal |
| Curd | Curd/Raita | Curd/Raita | Curd/Raita | Curd/Raita | Curd/Raita | Curd/Raita | Curd/Raita |
| Chapati & Rice | Roti & Rice | Roti & Rice | Roti & Rice | Roti & Rice | Roti & Rice | Roti & Rice | Roti & Rice |
| Other | Whole fruit (1 Pc)/ Juice (200ml) | Whole fruit (1 Pc)/ Juice (200ml) | Whole fruit (1 Pc)/ Juice (200ml) | Whole fruit (1 Pc)/ Juice (200ml) | Whole fruit (1 Pc)/ Juice (200ml) | Whole fruit (1 Pc)/ Juice (200ml) | Whole fruit (1 Pc)/ Juice (200ml) |
| **EVENING** | | | | | | | |
| Packed food pre training | chikki/laddoo | chikki/laddoo | Biscuit | chikki/laddoo | chikki/laddoo | Biscuit | |
| Snack post training | Boiled chana, peanuts | Sprout | Boiled chana, peanuts salad | Boiled chana, peanuts salad | Sprout | Boiled chana, peanuts salad | |
| **DINNER** | | | | | | | |
| Green Salad | Green Salad | Green Salad | Green Salad | Green Salad | Green Salad | Green Salad | Green Salad |
| Non-Veg (for non-vegetarians) | Chicken | Chicken | Chicken | Chicken | Chicken | Chicken | Egg Curry |
| Veg-item (for vegetarians | Paneer | Mashroom+paneer | Paneer | Paneer | Mashroom+paneer | Paneer | Paneer |
| Vegetable | Seasonal Veg. | Seasonal Veg. | Seasonal Veg. | Seasonal Veg. | Seasonal Veg. | Seasonal Veg. | Seasonal Veg. |
| Pulse | Dal | Dal | Dal | Dal | Dal | Dal | Dal |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Chapati & Rice | Roti & Rice | Roti & Rice | Roti & Rice | Roti & Rice | Roti & Rice | Roti & Rice | Roti & Rice |
| Dessert | Sweet Dish (Rice kheer) | Sweet Dish (Rice kheer) | Sweet Dish (Rice kheer) | Sweet Dish (Rice kheer) | Sweet Dish (Rice kheer) | Sweet Dish (Rice kheer) | Sweet/Ice cream |
| Bed time | Turmeric Milk (200ml) | Turmeric Milk (200ml) | Turmeric Milk (200ml) | Turmeric Milk (200ml) | Turmeric Milk (200ml) | Turmeric Milk (200ml) | |
| Dal Moong, Masoor, Chana, Rajma, Chhole, Arahar; Rish-Rohu/katla | | | | | | | |
| The above mentioned food item are subject to availability and can be changed accordingly. | | | | | | | |
| The above mentioned menu has been updated based on the direction of competent Authority | | | | | | | |
| Rate Quoted should be per person/per plate (Including GST) | | | | | | | |

**शर्तें**:–

1. सेन्टर ऑफ एक्सेलेंस (एकलव्य केन्द्र) के प्रशिक्षु खिलाड़ियों को मेन्यू के अनुरूप शुद्ध एवं ताजा अल्पाहर/भोजनादि खिलाने का पूर्ण दायित्व चयनित कैटरर का ही होगा। भोजन में किसी भी तरह की त्रुटि या मेन्यू का अनुपालन नहीं होने तथा ससमय आपूर्त्ति नहीं किये जाने आदि की पूर्ण जिम्मेवारी चयनित कैटरर की होगी तथा तत्संबंधी शिकायत मिलने पर कैटरर के विपत्र भुगतान में से कटौती सहित एकरारनामा/कार्यादेश रद्द करने एवं कानूनी कार्रवाई करने का अधिकार कार्यकारी निदेशक, झारखण्ड खेल प्राधिकरण को होगा।
2. इस निविदा द्वारा चयनित एजेंसी का निर्धारित दर (Rate Contract) आदेश निर्गत के तिथि से एक (01) वर्ष के लिए मान्य होगा तथा कार्य संतोषप्रद होने पर अगले 01 वर्ष के लिए अवधि विस्तारित की जा सकती है।
3. झारखण्ड खेल प्राधिकरण अन्तर्गत संचालित सेन्टर ऑफ एक्सेलेंस (एकलव्य केन्द्र) जहाँ चयनित कैटरर द्वारा भोजनादि की आपूर्ति की जानी है:–

| *क्र.सं.* | *केन्द्र का नाम* | *खिलाड़ियों की संख्या* |
|---|---|---|
| 1. | सेन्टर ऑफ एक्सेलेंस, कुश्ती प्रशिक्षण केन्द्र, शहीद गणपत राय इण्डोर स्टेडियम, खेलगाँव, होटवार, राँची। | बालक –32 एवं बालिका –16 |

**4. निविदा समर्पित करने संबंधी निर्देश** :–

i. दर निर्धारण (Rate Contract) हेतु अति अल्पकालीन निविदा दो लिफाफा व्यवस्था अन्तर्गत होंगे। लिफाफों के ऊपर तकनीकी बीड (Technical Bid) एवं वित्तीय बीड (Financial Bid) स्पष्ट लिखा होना चाहिए।

ii. तकनीकी बीड लिफाफा – तकनीकी बीड लिफाफा के अंदर निम्न स्वअभिप्रमाणित अभिलेख उपलब्ध कराना आवश्यक होगा :– (i) फर्म का नाम एवं पूरा पता (ii) निबंधन संख्या (iii) FSSAI लाईसेंस (iv) पैन नं० (v) जी०एस०टी० नं० (vi) संबंधित क्षेत्र में कार्य करने का अनुभव संबंधी अभिलेख संबंधित निविदादाता फर्म द्वारा विगत 03 वर्षों में भारत सरकार/राज्य सरकार अथवा PSUs को सफलतापूर्वक कार्य करने का अनुभव होना चाहिए, तत्संबंधी कार्यादेश संलग्न करना होगा। (vii) आयकर रिटर्न (वित्तीय वर्ष 2020–21, 2021–22, 2022–23 अर्थात एसेसमेन्ट वर्ष 2021–22, 2022–23, 2023–2024 (viii) काली सूची में दर्ज नहीं होने संबंधित स्वघोषित शपथ पत्र (ix) संबंधित निविदादाता फर्म का औसत वार्षिक टर्नओवर न्यूनतम ₹1,00,000,00/– होना अनिवार्य है, इसके लिए निबंधित चार्टर्ड अकाउंटेन्ट का सर्टिफिकेट जमा करना अनिवार्य होगा।

iii. वित्तीय बीड (Financial Bid) लिफाफा में निविदादाता, आपूर्त्ति की जाने वाली भोजन संबंधी उपरोक्त विवरणी (menu) हेतु Per Person/Per Plate/Serving (Inclusive of GST) मेन्यू दर का उल्लेख करेंगे। निविदादाता को जी०एस०टी० का अलग प्रति इकाई दर (सभी कर सहित) स्पष्ट शब्दों में अंकित रहना चाहिए। वित्तीय बीड के लिफाफे में वित्तीय दर केवल Printed/Typed होना चाहिए। हस्तलिखित (Hand Written) वित्तीय बीड को अस्वीकार्य कर दिया जाएगा एवं इस संबंध में कोई भी दावा मान्य नहीं होगा।

iv. तकनीकी रूप से योग्य पाये जाने की स्वीकृति उपरांत ही योग्य पाये गए निविदादाताओं को वित्तीय बीड खोली जाएगी। कुल वित्तीय दर (कर सहित) पर ही सफल/न्यूनतम (L1) निविदादाताओं का निर्धारण किया जाएगा।

v. प्रत्येक निविदादाता को अग्रधन (EMD) के रूप में ₹5,00,000/– (पाँच लाख रूपये) मात्र राशि डिमांड ड्राफ्ट Sports Authority of Jharkhand, Morabadi, Ranchi के नाम से जमा करना होगा। सफल निविदादाता के EMD की राशि को सुरक्षित जमा रखा जाएगा एवं एकरारनामा की अवधि समाप्ति के उपरांत बिना किसी ब्याज के वापस लौटाया जाएगा। असफल निविदादाता को EMD/Bank Draft /B.G. वापस कर दिया जायेगा।

vi. वे निविदादाता/फर्म, जो MSME (झारखण्ड) में पंजीकृत हैं, उनको झारखण्ड सरकार के MSME नियम के अनुसार Exemption सुविधा लागू होगा।

vii. निविदादाता को निविदा शुल्क के रूप में ₹10,000 (दस हजार रूपये) मात्र राशि का डिमांड ड्राफ्ट Sports Authority of Jharkhand, Morabadi, Ranchi के नाम से जमा करना होगा, जो किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा।

viii. **भुगतान :–**

सभी सेन्टर ऑफ एक्सेलेंस की खिलाड़ियों को आपूर्ति की जाने वाली भोजनादि निर्गत कार्यादेश के आलोक में गुणवत्ता की जाँच, खिलाड़ियों की सहमति के उपरान्त जिला खेल पदाधिकारी/प्रशिक्षक द्वारा सत्यापित करनें के उपरान्त संतोषजनक पाये जाने पर भुगतान हेतु बिल/विपत्र एजेंसी द्वारा कार्यकारी निदेशक, झारखण्ड खेल प्राधिकरण के पदनाम से झारखण्ड खेल प्राधिकरण के कार्यालय में जमा करने के पश्चात भुगतान पर निर्णय लिया जायेगा, किसी प्रकार की अग्रिम राशि भुगतेय नहीं होगी।

ix. **सामग्री :–**

भोजनादि में उपयोग होनेवाले सभी ताजी सामग्रियाँ, स्वच्छ एवं साफ–सुथरे उपस्करों/वर्तनों की व्यवस्था चयनित कैटरर/फर्म/प्रतिष्ठान को स्वयं करनी होगी तथा विभाग/कार्यालय द्वारा इस हेतु किसी प्रकार का अलग से कोई भुगतान अथवा अग्रिम नहीं दिया जायेगा।

x. **सुरक्षा :–**

आपूर्त्ति किये जाने वाले भोजन हेतु शुद्ध एवं साफ सामग्रियों, उपस्करों का प्रयोग, स्वास्थ्यकर रसोई, बरतन एवं उनकी सुरक्षा का दायित्व निविदादाता का ही होगा। सामग्रियों एवं उपस्करों के खोने, चोरी होने अथवा क्षतिग्रस्त होने की स्थिति में इसकी प्रतिपूर्त्ति नहीं की जाएगी।

xi. **निविदा प्रक्रिया संबंधी कायक्रम :–**

- निविदा समर्पित करने की अंतिम तिथि एवं समय 11.03.2024 को पूर्वा० 11:00 बजे तक है।
- निविदा (तकनीकी प्रस्ताव एवं वित्तीय प्रस्ताव) खोलने की तिथि एवं समय 11.03.2024 को अप० 04:00 बजे है।
- निविदा समर्पित करने का स्थान झारखण्ड खेल प्राधिकरण का कार्यालय, गेट नं०–28, बिरसा मुण्डा फुटबॉल स्टेडियम, मोरहाबादी, राँची में कार्य दिवस के अप० 6:00 बजे तक है।
- अंतिम तिथि एवं समय के बाद समर्पित निविदा पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जायेगा।
- बिना कारण बताये किसी या सभी निविदा को रद्द करने का सर्वाधिकार कार्यकारी निदेशक, झारखण्ड खेल प्राधिकरण, मोराबादी, राँची को सुरक्षित रहेगा।

ह०/–

**कार्यकारी निदेशक,**

झारखण्ड खेल प्राधिकरण।